अपील सूचना अधिकार संख्या 136/2021 (GCMS 2021/222)(आरटीआई नं. 212081271615382) नरेश शर्मा निवासी खेत्रपाल मन्दिर के पीछे, वार्ड नं. 14, पुरानी आबादी, श्रीगंगानगर (मोबाईल नं. 85610–70398) बनाम जिला कलक्टर, श्रीगंगानगर

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

11.02.2023

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी नरेश शर्मा स्वयं उपस्थित नहीं हुआ। पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया कि अपीलार्थी ने लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर, श्रीगंगानगर से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपने आवेदन पत्र दिनांक 01.11.2021 से तीन बिन्दुओं की सूचना चाही थी, जो लोक सूचना अधिकारी ने उसे निश्चित समय सीमा में उपलब्ध नहीं करवाई है इसलिए उसने लोक सूचना अधिकारी पर अनुशासनात्मक कार्यवाही कर वांछित सूचनाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाने की प्रार्थना के साथ यह अपील है।

मैनें पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया कि अपीलार्थी नरेश शर्मा ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपने आवेदन पत्र दिनांक 01.11.2021 के द्वारा लोक सूचना अधिकारी एवं अति. जिला कलक्टर, श्रीगंगानगर से निम्न सूचना चाही थी:

1. एच.सी. सिविल रिट संख्या 10819/2019 आदेश दिनांक 30.01.2019 की पालना में राज्य सरकार के पत्र दिनांक 26.12.2019 को जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित पीएलपीसी सैल में आज दिनांक तक दर्ज प्रकरणों की प्रमाणित सूची।
2. नियमानुसार हर माह की 15 तारीख तक पीएलपीसी सैल द्वारा राज्य सरकार को भेजी गई प्रगति रिपोर्ट की प्रमाणित प्रतियां
3. मेरे द्वारा दिनांक 05.04.2021 [illegible] श्रीमान् जिला कलक्टर (सतर्कता) को दिये गये [illegible] पर [illegible] की गई कार्यवाही की प्रमाणित प्रतियां।

Signature Not Verified
Digitally signed by Sourabh Swami
Date: 2023.03.08 15:36:21 IST
Reason: SelfAttested

जिला कलक्टर
श्रीगंगानगर

4. मेरा दर्ज प्रकरण एफ12(11)( )राजस्व/(पीएलपीसी)/2021 /1717 दिनांक 12.10.2021 पर की गई कार्यवाही की प्रमाणित प्रतियां

लोक सूचना अधिकारी (प्रभारी अधिकार, राजस्व शाखा), कलक्ट्रेट, श्रीगंगानगर ने अपने पत्रांक 8185 दिनांक 09.12.2021 से अपीलार्थी को निम्नानुसार जवाब प्रेषित किया है:

क्र. सं.	चाही गई सूचना	जवाब
1	एच.सी. सिविल रिट संख्या 10819/2019 आदेश दिनांक 30.01.2019 की पालना में राज्य सरकार के पत्र दिनांक 26.12.2019 को जिला कलक्टर की अध्यक्षताउ में गठित पी एल पीसी सैल में आज दिनांक तक दर्ज प्रकरणों की प्रमाणित सूची।	संलग्न है।
2	नियमानुसार हर माह की 15 तारीख तक पीएलपीसी सैल द्वारा राज्य सरकार को भेजी गई प्रगति रिपोर्ट की प्रमाणित प्रतियां	संलग्न है।
3	मेरे द्वारा दिनांक 05.04.2021 को श्रीमान् जिला कलक्टर (सतर्कता) को दिये गये संलग्न पत्र पर की गई कार्यवाही की प्रमाणित प्रतियां।	इस शाखा से सम्बन्धित नहीं है।
4	मेरा दर्ज प्रकरण एफ12(11)( )राजस्व /(पीएलपीसी)/2021 /1717 दिनांक 12.10.2021 पर की गई कार्यवाही की प्रमाणित प्रतियां	प्रकरण सचिव, नगर विकास न्यास,श्रीगंगानगर को प्रेषित किया गया है।

Signature Not Verified

Digitally signed by Sourabh Swami
Date: 2023.03.08 15:36:21 IST
Reason: SelfAttested

sd-
लोक सूचना अधिकारी
(प्रभारी अधिकारी, राजस्व शाखा)
कलक्ट्रेट, श्रीगंगानगर

जिला कलेक्टर
श्रीगंगानगर

मैनें, पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया कि लोक सूचना अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी, राजस्व शाखा, कलक्ट्रेट, श्रीगंगानगर द्वारा अपने पत्रांक 8185 दिनांक 09.12.2021 से अपीलार्थी को उक्तानुसार बिन्दु संख्या 1 व 2 का जवाब दिया जा चुका है और बिन्दु संख्या 3 की सूचना का सम्बन्ध अति. जिला कलक्टर (सतर्कता), श्रीगंगानगर एवं बिन्दु संख्या 4 की सूचना का सम्बन्ध सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर से सम्बन्धित होने के कारण, उन्हें स्थानान्तरित किया गया है। इसलिए अति. जिला कलक्टर (सतर्कता), श्रीगंगानगर एवं सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को आदेशित किया जाता है कि वे सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रावधानुसार अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

अतः उक्त विवेचन के आधार पर अपीलार्थी की अपील निस्तारित की जाती है। आदेश की प्रति लोक सूचना अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी (राजस्व शाखा), कलक्ट्रेट श्रीगंगानगर, अति. जिला कलक्टर (सतर्कता), श्रीगंगानगर एवं सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को पालनार्थ भिजवाई जावें एवं अपीलार्थी को आदेश की प्रति सूचनार्थ भिजवाई जावे। **पत्रावली** बाद तरतीब़ तकमी़ल दाखि़ल दफ़्तर हो।

यह आदेश आज दिनांक 11.02.2023 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(सौरभ स्वामी)
जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर

Signature Not Verified

Digitally signed by Sourabh Swami
Date: 2023.03.08 15:36:21 IST
Reason: SelfAttested